-प्रेस नोट-

दिनांक-14.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना देवबन्द साइबर टीम द्वारा ऑनलाइन साईबर ठगी के शिकार हुए पीडित के बैंक खाते मे 66000/- रूपये की धनराशि वापस करायी गयी ।

अवगत कराना है कि दिनांक 21.11.2024 को वादी श्री अनस फहाद पुत्र मुकर्रम निवासी सांपला बक्काल थाना देवबन्द जिला सहारनपुर के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के खाते से 3,50,000/- रूपये इन्वेस्टमेंट के नाम पर धोखाधडी करके साईबर ठगी करने के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मु0अ0सं0 36/2025 धारा 318(4) बीएनएस 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत कराया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध की रोकथाम व आमजनमानस को साईबर अपराध के विषय में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना देवबन्द साइबर हेल्प डैस्क टीम द्वारा थाना देवबंद पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में प्रभावी कार्यवाही करते हुये विधिक कार्यवाही के उपरान्त साईबर फ्रॉड में गयी धनराशि में से 1,64,000/- रूपये अलग अलग बैंको में होल्ड कराये गये थे, जिनमें से 98,000/- रूपये बंधन बैंक व 66,000/- रूपये उज्जीवन स्माल फाईनेन्स बैंक उडीसा में होल्ड कराये गये थे। उपरोक्त बैंको में होल्ड करायी गयी धनराशि में से 66,000/- रूपये पीडित श्री अनस फहाद के खाते में धनराशि वापस करायी गयी । शेष धनराशि वापस कराने हेतु विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पीडित द्वारा थाना देवबन्द साइबर टीम व सहारनपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है।

**साइबर फ्रॉड में वापिस करायी गयी धनराशि-**

- 66,000/- रुपये

**साइबर फ्रॉड में गई धनराशि बरामद कराने वाली साईबर टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार शर्मा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर
2. निरी0 सतेन्द्रपाल सिंह थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर
3. स0उ0नि0 रूपेन्द्र सिंह थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर

**ADVICE- किसी भी अन्जान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर न करे व भेजे गये लिंक न खोले, जालसाजो से सावधान रहे एवं किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930 या WWW.CYBERCRIME.GOV.IN पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराये व थाना साइबर क्राइम, सहारनपुर के सीयूजी मो0न0- 7839876635 व साईबर सैल के सीयूजी नम्बर 7417754148 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त करें।**

-प्रेस नोट-

दिनांक -14.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा “नो हेलमेट नो फ्यूल” अभियान चलाकर आमजन को किया गया जागरुक

अवगत कराना है कि जनपद सहारनपुर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चलाये जा रहे **नो हेलमेट नो फ्यूल** अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा आज दिनांक 14.08.2025 को जनपद सहारनपुर में स्थित समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ गोष्ठी कर सभी से इस अभियान में सहयोग करने हेतु अपील की गई तथा समस्त पेट्रोल पम्पों पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया जिसमें पुलिस द्वारा आमजन को दोपहिया वाहनों पर हमेशा हेलमेट का प्रयोग करने हेतु जागरुक किया गया। पुलिस टीम द्वारा निम्न पेट्रोल पम्प पर चैकिंग अभियान चलाया गया

भारत पैट्रोल पम्प, भारत पैट्रोल पम्प चावला सर्विस स्टेशन, कुमार पेट्रोल पम्प, इंडियन ऑइल पेट्रोल पम्प, एच0पी0 पैट्रोल पंप ब्रिज सर्विस स्टेशन, मॉर्डन सर्विस स्टेशन (बी0पी0सी0), खुराना सर्विस स्टेशन, महेश्वरी फिलिंग स्टेशन, भारत पेट्रोलियम शाहपुर गाडा रोड मिर्जापुर, एचपी पेट्रोल पम्प बेहट विकासनगर रोड मिर्जापुर, इण्डियन ऑयल पैट्रोल पम्प, इण्डैन गैस एजेन्शी, वैदिक फिलिंग स्टेशन, इण्डियन आयल गागलहेडी रोड, जय फिलिंग स्टेशन ( इण्डियन आयल), महेशपुर फिलिंग स्टेशन (इण्डियन आयल), जय माता दी फिलिंग स्टेशन ग्राम साल्हापुर, निकुंज फिलिंग स्टेशन साँपला बैगमपुर, देशराज अशोक कुमार, पैट्रोल पम्प, अम्बाला रोड, कस्बा सरसावा, इंडियन आँलय कार्पोरेशन नकुड रोड, बनखण्डी मन्दिर के पास, कस्बा सरसावा, इण्डियन ऑयल पैट्रोल पम्प, हरे कृष्णा फिलिंग स्टेशन, दिव्य राज फिलिंग स्टेशन ग्राम गेल्हेवाला, भारत फिलिंग स्टेशन कस्बा छुटमलपुर, लक्ष्मी फिलिग स्टेशन कस्बा चिलकाना, शाकुम्बरी सर्विस स्टेशन टोडरपुर, शिव शक्ति किसान सेवा केन्द्र पैट्रोल पम्प बहेड़ी गुर्जर, इण्डियन ऑयल पैट्रोल पम्प बुड्ढा खेड़ा अहीर, ज्योति फिलिंग स्टेशन लखनौती रोड, कृष्णा फिलिंग स्टेशन बुढ़नपुर, इण्डियन ऑयल पैट्रोल पम्प, एच.पी. पैट्रोल पम्प, सिद्धार्थ फिलिंग स्टेशन दिल्ली रोड, चन्द्रभान सिंह फिलिंग स्टेशन, गुप्ता फिलिंस सर्विस स्टेशन, मोहन फ्यूल जंक्शन जनता रोड, किंग आटो लिंक नयारिका पैट्रोल पम्प चिलकाना रोड, क्वालिटी फयूस भारत पैट्रोप पम्प गोपालपुरा, रामसन्सफिलिंग स्टेशन, जगन्नाथ एंड कम्पनी पैट्रोल पम्प तथा अन्य सभी पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया।

- **सहारनपुर पुलिस सभी जनपदवासियों से अपील करती है कि-**

- ☐ नशीले पदार्थ/शराब का सेवन कर वाहन ना चलायें।
- ☐ वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग न करें।
- ☐ तेज गति से वाहन ना चलायें।
- ☐ दोपहिया वाहन चलाते हमेशा हेलमेट जरुर पहनें।
- ☐ कार चलाते समय सिट बेल्ट अवश्य लगायें।
- ☐ धीमी गति से वाहन चलायें तथा अपनी लेन में ही चलें।
- ☐ किसी भी आपातकाल/दुर्घटना की स्थिति में टोल फ्री नंबर 108 एंव 112 पर संपर्क करें

-प्रेस नोट-

दिनांक: 14/08/2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

**थाना गंगोह, सहारनपुर पुलिस द्वारा फाईनेन्स कम्पनी के कर्मचारी से लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से लूटे गये 4550/-रूपये, अवैध अस्लाह व घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद-**

सादर अवगत कराना है कि दिनांक 28/07/2025 को वादी मुकदमा श्री कृष्ण विजय सिंह पुत्र श्री विजय बहादुर निवासी ग्राम बौडाई थाना गंगोह जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत सोनाटा फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड नकुड, सहारनपुर कर्मियो के साथ कम्पनी का कैश क्लेक्शन करके आते समय दो मोटर साईकिल सवार चार अज्ञात व्यक्तियो द्वारा 24300/-रूपये व मोबाईल फोन छीन लेने के सम्बन्ध मे थाना गंगोह पर मु0अ0सं0-287/25 धारा 309(4) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व लूट की घटनाओ के अनावरण व गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक गंगोह श्री पीयूष दीक्षित के कुशल नेतृत्व में थाना गंगोह पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 14/08/2025 को लूट की घटना का सफल अनवारण करते हुए मुखबिर की सूचना पर ग्राम धलापडा से ग्राम ताताहेडी मार्ग पर चौराहे से अभियुक्तगण **1.कासिम उर्फ लाला पुत्र दिलशाद निवासी मौहल्ला मौहम्मद गौरी कस्बा व थाना गंगोह जनपद सहारनपुर 2.सोहेल पुत्र फुरकान निवासी ग्राम सांतौर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर 3.मुसय्यब पुत्र जाबिर निवासी ग्राम सांतौर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लूट गये रूपयो मे से 4550/-रूपये, 01 मोटरसाईकिल स्पैलण्डर प्लस, व अभियुक्त कासिम उर्फ लाला उपरोक्त के कब्जे से 01तमंचा,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । बरामदगी व विवेचनात्मक कार्यवाही के आधार पर अभियोग उपरोक्त मे धारा 317(2)/61 बी0एन0एस0 की वृद्धि की गयी । अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम तीनो ने अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर करीब 15 दिन पहले दोपहर के समय सांतौर से शीतलपुर जाने वाले मार्ग पर एक ट्यूबवेल के पास फाइनेंस कंपनी के दो कर्मचारियो से तमन्चा दिखाकर लूट की थी तथा हमारे साथियो ने फाईनेन्स कर्मियो की रैकी करायी थी। हमने फाईनेन्स कर्मचारी से लूट की घटना मे करीब 24000/- रूपये व 03 मोबाइल फोन मिले थे। लूटे हुए पैसे हमने आपस में बाँट लिये थे तथा जो पैसे हमसे मिले है यह उसी लूट के पैसो में से बचे हुए है बाकी हमसे खर्च हो गए तथा जो तमन्चा व मोटरसाईकल मिली है इन्हे हमने घटना में इस्तेमाल किया था

**बरामदगी का विवरण**

- 4550/-रूपये लूट गये रूपये व
- 01 मोटरसाईकिल (घटना मे प्रयुक्त)
- 01 तमंचा,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर (अभियुक्त कासिम उर्फ लाला से बरामद)

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1. कासिम उर्फ लाला पुत्र दिलशाद निवासी मौ0 मौहम्मद गौरी कस्बा व थाना गंगोह सहारनपुर
2. सोहेल पुत्र फुरकान निवासी ग्राम सांतौर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

3. मुसय्यब पुत्र जाबिर निवासी ग्राम सांतौर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री संजीव कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
2. है0कां0 579 शेखर चौहान थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
3. कां0 2167 राजन थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
4. कां0 1820 अंकित मान थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
5. कां0 326 रिंकू थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

दिनांक:14.08.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बडगाँव, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी/अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, वाँछित वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष बडगाँव श्री विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.08.2025 को थाना बडगांव पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त **सुमित पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम अम्बेहटा चांद थाना बडगांव जनपद सहारनपुर** सम्बन्धित वाद संख्या 607/20 धारा 136/137 विद्युत अधि0 न्यायालय श्रीमान अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 04 के संबंध में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी/ अभियुक्त को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता**

सुमित पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम अम्बेहटा चांद थाना बडगांव जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम-**

1. श्री विनय शर्मा थानाध्यक्ष थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री आलोक कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
3. हो0गा0 2046 मांगेराम थाना बडगांव जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः- 14.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा, पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर चोर/अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही पर चोरी की 10 मोटरसाइकिल बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 11.07.2025 को थाना सरसावा पर वादी श्री सतपाल पुत्र मंगल निवासी ग्राम माजरी कला थाना सरसावा जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत वादी की मोटरसाईकिल हीरो स्पलेन्डर नम्बर यू0पी0 11 बी जैड 8861 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना सरसावा पर मु0अ0स0 252/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण, वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में लिप्त शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री विवोद कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर वाहन चोर/अभियुक्तगण **1.विकास पुत्र विक्रम निवासी ग्राम इब्राहिमी थाना सरसावा जिला सहारनपुर 2.निखिल पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम सुआखेडी थाना सरसावा जिला सहारनपुर** को **शमशान घाट के पास कालौनी, सरसावा से** गिरफ्तार किया गया । जिनके कब्जे/निशांदेही पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी गयी मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस रजि0 नं0 यू0पी0 11 बी जैड 8861 व कस्बा सरसवा में एक निर्माणाधीन कॉलोनी के निकट शमशान घाट के पास बंद पड़े कमरे में छुपा कर रखी गयी चोरी की 09 अन्य मोटरसाइकिल जो थाना कुतुतबशेर, यमुनानगर हरियाणा व अन्य थानो के मुकदमों से संबंधित बरामद हुयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/317(5) बीएनएस की वृद्धि की गयी ।गिरफ्तार अभियुक्त अभयस्त किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना सरसावा पर चोर व अन्य अपराधों में 04 मुकदमें पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवशयक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त ने एक स्वर में बताया कि हम दोनो कम पढे लिखे हैं व मजदूरी का कार्य करते हैं। हमें अक्सर पैसो की तंगी का सामना करना पड़ता है। कम समय में अधिक रुपये कमाने के लिये हम दोनो अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करते हैं और फिर चोरी की गयी मोटरसाइकिलों को सस्ते दाम में बेच देते हैं,जिससे हमें अच्छा मुनाफा हो जाता है। हम दोनो ने मिलकर करीब एक महिने पहने एक मोटरसाइकिल एकता कम्प्यूटर सेन्टर, कस्बा सरसावा के पास से चोरी की थी, जिसे हम दोनो दिनांक 13.08.2025 की रात्रि को बेचने के लिए जा रहे थे,तभी अचानक पुलिस ने हमें पकड़ लिया। इसके अलावा हम तीनो ने सहारनपुर व हरियाणा क्षेत्र से जो 09 अन्य मोटरसाइकिल चोरी की थी, उन्हें हमने कस्बा सरसवा में एक निर्माणाधीन कॉलोनी के निकट शमशान घाट के पास बंद पड़े कमरे में छुपा के रखा था,जहाँ से हमने सभी मोटरसाइकिलों को पुलिस को बरामद करा दिया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. विकास पुत्र विक्रम निवासी ग्राम इब्राहिमी थाना सरसावा जिला सहारनपुर
2. निखिल पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम सुआखेडी थाना सरसावा जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार अभियुक्त विकास का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 313/23 धारा 379/411 भादवि थाना सरसावा
2. मु0अ0स0 315/23 धारा 379/411 भादवि थाना सरसावा
3. मु0अ0स0 316/23 धारा 414/420/465 भादवि थाना सरसावा सहारनपुर
4. मु0अ0स0 252/25 धारा 303(2)/317(2)/317(5) बीएनएस थाना सरसावा

**बरामदगी का विवरण-**

- मोटरसाइकिल रजि0 न0 UP11 BZ 8861 ,चेसिस न0 MBLHAW114LHC15478 व इंजन न0 HA11EVLHC09067
- मोटरसाइकिल रजि0 न0 HR02R1334 चेसिस न0 04C16F03520
- मोटरसाइकिल रजि0 न0 HR71H6261,चेसिस न0 MBLHAW097KHH03541
- मोटरसाइकिल रजि0न0UP11AF7551.चेसिस न0 MBLJAEGB9L19332
- मोटरसाइकिल रजि0न0 HR08H9992 चेसिस0 न0 MBLHA10EE89H15925
- मोटरसाइकिल रजि0 न0 HR36L3934 चेसिस न0 MBLHA10EE8HM03777
- मोटरसाइकिल रजि0 न0 UP11CH5124 चेसिस न0 MBLHAW116NHG80900
- मोटरसाइकिल चेसिस न0 96M19F08243
- मोटरसाइकिल चेसिस न0 04C16F03620
- मोटरसाइकिल रजि0न0 UP11BZ8861 व चेसिस न0 MBLHAW114LHC15478

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. थाना प्रभारी श्री उ0 नि0 विनोद कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 ललित कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
3. उ0नि0 नरेन्द्र कुमार सागर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
4. है0का0 892 अजय राठी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
5. है0का0 661 सम्राट सिंह, थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
6. का0 1259 विनीत तोमर, थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
7. का0 1997 विनीत कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना चिलकाना, पुलिस ने 03 अन्तर्राज्यीय शातिर पशु चोरो को मुठभेड के दौरान किया गिरफ्तार, कब्जे से 02 भैस चोरी की ,01 बुलेरो पिकअप गाडी, 01 तमंचा, 01 खोखा/ 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 चाकू एवं 10,700/- रूपये नकद, बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु लगातार सघन गश्त व चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रसेन सैनी के कुशल नेतृत्व में थाना चिलकाना पुलिस टीम दिनांक 14.08.2025 को दुमझेडा से घोडो पीपली जाने वाले रास्ते पर बूढी यमुना पुल के पास चैकिंग कर रही थी तभी घोडो पीपली की ओर से एक पिकअप गाडी आती दिखायी दी जिससे रूकने का ईशारा करने वाले पर गाडी सवार बदमाशो द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिग कर गाडी से उतरकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा घेरघोटकर बुलेरो पिकअप सवार अभियुक्त **1.बुरहान उर्फ भूरा पुत्र इरफाना उर्फ फाना निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर 2.नाजिम पुत्र रिजवान उर्फ गोला निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट जनपद सहारनपुर 3.नासिर पुत्र रिजवान उर्फ गोला निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट जनपद सहारनपुर** को बाद पुलिस मुठभेड गिरफ्तार किया गया। तथा इनका एक साथी घना जंगल होने के कारण फरार होने मे सफल रहा। जिसकी तलाश हेतू काम्बिग की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 बुलेरो पिकप गाडी रजि0 नं0 UK 17 CA 5112 जिसमे 02 जिन्दा भैस चोरी की (जिनमे से 01 भैस हिमाचल प्रदेश से चोरी व 01 भैस पंजाब से चोरी) तथा, 01 तमंचा,01 खोखा/01जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 नाजायज चाकू व 10,700/- रूपये नकद बरामद हुये। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना चिलकाना पर मु0अ0स0 191/25 धारा 109(1)/3(5)/317(5) बी0एन0एस0 व 3/4/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### विवरण पूछताछ

गिरफ्तार अभियुक्त गण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम तीनो व हमारा साथी एक साथ मिलकर अपने भौतिक लाभ के लिए पंजाब, हिमाल प्रदेश ,हरियाणा आदि राज्यो व यू0पी0 मे अलग अलग स्थानो से रात्रि के समय पशुओ की चोरी करते है तथा इन्हे वहा से लाकर पशु बाजार मे बेच देते है जिससे हमे काफी अच्छा मुनाफा हो जाता है हम लोगो को डराने के लिए अपने पास अवैध शस्त्र रखते है । बरामद भैस व पैसो के बारे मे पूछने पर बताया कि हमने 02 भैसे हिमाचल प्रदेश से व 01 भैस पंजाब से चोरी की थी जिनमे से एक भैस हमने 40000/ रूपयो मे बेचकर आपस मे बराबर बराबर पैसे बाट लिये थे जो पैसे आपको मिले है उसी चोरी की भैस को बेचकर प्राप्त हुए रूपयो मे से है तथा ये दोनो भैंसे भी चोरी की है जिनको हम बैचने के लिए जा रहे थे ।

**गिरफ्तार अभियुक्त गण का नाम पता:-**

1.बुरहान उर्फ भूरा पुत्र इरफाना उर्फ फाना निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
2.नाजिम पुत्र रिजवान उर्फ गोला निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट जनपद सहारनपुर
3. नासिर पुत्र रिजवान उर्फ गोला निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट जनपद सहारनपुर

**अभियुक्तगण उपरोक्त से बरामदगी का विवरण –**

- 01 चाकू व 3100 रुपये नकद (बुरहान उर्फ भूरा से)
- 01 तंमचा व 01खोखा/01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 3500 रुपये नकद (नाजिम से)
- 01 अवैध चाकू व 4100 रुपये नकद (नासिर से)
- 02 भैस चोरी की 01 बुलेरो पिकप गाडी रजि0 नं0 UK 17 CA 5112(बुरहान उर्फ भूरा, नाजिम, नासिर से)

**अभियुक्त बुरहान उर्फ भूरा उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 111/22 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना को0देहात जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 01/21 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
3. मु0अ)सं0 02/21 धारा 8/20 एनडीपीएस थाना चिलकाना सहारनपुर
4. मु0अ0सं0 31/24 धारा 307 भादवि व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना चिलकाना सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 35/24 धारा 307/414 भादवि व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना चिलकाना सहारनपुर
6. मु0अ0सं0 146/20 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
7. मु0अ0सं0 212/21 धारा 379 भादवि थाना फर्कपुर जिला यमुनानगर हरियाणा
8. मु0अ0सं0 415/21 धारा 379 भादवि थाना हुड्डा सैक्टर 17 जगाधरी हरियाणा
9. मु0अ0सं0 416/21 धारा 379 भादवि थाना हुड्डा सैक्टर 17 जगाधरी हरियाणा
10. मु0अ0सं0 138/22 धारा 379/34 भादवि थाना माजरा जनपद सिरमौर हिमाचल प्रदेश
11. मु0अ0सं0 277/14 धारा 379/411थाना यमुनानगर जिला यमुनानगर हरियाणा
12. मु0अ0सं0 463/21 धारा 379 भादवि थाना गाधीनगर हरियाणा
13. मु0अ0सं0 116/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना कालाआम जनपद सिरमौर हिमाचल प्रदेश

**अभियुक्त नाजिम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 10/23 धारा 379/411/34 भादवि थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 11/23 धारा 4/25 आयुध अधि0 थाना चिलकान जनपद सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 281/21 धारा 3/5ए/8 सीएस एक्ट व 3/11 पशु क्ररूता अधि0 थाना सरसावा सहारनपुर
4. मु0अ0सं0 238/22 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 116/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना कालाआम जनपद सिरमौर हिमाचल प्रदेश

**अभियुक्त नासिर उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 100/23 धारा 380/411/457 भादवि थाना बेहट सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 210/23 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना बेहट सहारनपुर
3. मु0असं0 396/21 धारा 323/452/504/506 भादवि थाना बेहट सहारनपुर
4. मु0अ0सं0 116/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना कालाआम जनपद सिरमौर हिमाचल प्रदेश

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नाम:**

1. उ0नि0 श्री सन्दीप कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर ।
2. है0का0 1107 अरविन्द कुमार  थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर ।
3. है0का0 593 सहदेव सिह थाना चिलकाना जपनद सहारनपुर।
4. का0 1059 अनुज राणा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।
5. का0 2401 दुर्गेश कुमार थाना चिलकान जनपद सहारनपुर।
6. का0 1870 पुनित यादव थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।

दिनांक: 14.08.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नानौता, सहारनपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मुकमदे में 01 वाँछित गैगस्टर अभियुक्त को किया गयी गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में लिप्त वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13.08.2025 की रात्रि को मुखबिर की सूचना पर थाना नानौता पुलिस टीम द्वारा गस्त/चैकिंग के दौरान गस्टर एक्ट के मुकदमें में 01 वांछित **अभियुक्त सागर वर्मा पुत्र कंवरपाल वर्मा निवासी कौशाम्बी स्कूल गली नं0 1 थाना कोतवाली शामली जनपद शामली** को चोरा मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

सागर वर्मा पुत्र कंवरपाल वर्मा निवासी कौशाम्बी स्कूल गली नं0 1 थाना कोतवाली शामली जनपद शामली

**गिरफ्तार अभियुक्त सागर वर्मा का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 136/23 धारा 392/411 भादवि थाना नानौता जिला सहारनपुर
2. मु0अ0सं0147/23 धारा 307/34/414 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना नानौता जिला सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 52/2022 धारा 392/411 भादवि थाना आदर्श मण्डी जिला शामली
4. मु0अ0सं0 215/20 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली शामली जिला शामली
5. मु0अ0सं0 105/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना नानौता जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री अनुज कुमार थाना नानौता जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री धीरज सिंह थाना नानौता जनपद सहारनपुर
3. है0का0 729 उपेन्द्र कुमार थाना नानौता जनपद सहारनपुर
4. है0का0 335 गौरव कुमार थाना नानौता जनपद सहारनपुर
5. का0 604 आदेश कुमार थाना नानौता जनपद सहारनपुर

दिनांक: 14.08.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नानौता पुलिस द्वारा 02 शातिर चोर /अभियुक्त गिरफ्तार , कब्जे से चोरी गये 05 एटीएम कार्ड , 01 पिलास , 01 चाकू व अन्य सामान बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं चोरी/लूट/डकैती/आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में शामिल अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13.08.2025 की रात्रि को गस्त/चैकिग के दौरान थाना नानौता पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर एटीएम चोर/अभियुक्तगण **1. राशिद पुत्र मुन्ना खां निवासी मौहल्ला शाह जमाल थाना रोरावर जिला अलीगढ़ 2. अनिल पुत्र खजांची निवासी ग्राम मढाके थाना समऊ जिला हाथरस** को देवबन्द रोड रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 05 एटीएम कार्ड , 01 पिलास , 01 चाकू , 16 हैल्पलाईन न0 की चिट , 01 शीसी फेवि क्विक , 01 शीसी गम बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नानौता पर मु0अ0स0 186/25 धारा 318(4)/317(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछाताछ का विवरण-** पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त ने बताया कि मै व मेरा साथी किसी भी बैंक के एटीएम पर जाकर अपने मोबाईल नम्बर को हेल्पलाईन नंबर के रुप में लिख देते थे और एटीएम मशीन में कार्ड डालने वाली जगह पर फैविक्वक या फैविकॉल लगा देते थे। फिर जैसे ही कोई व्यक्ति एटीएम मशीन पर पर पैसे निकालने आता था तो हम दोनो में से एक आदमी उस व्यक्ति के पीछे खड़ा हो जाता था। जैसे ही कोई व्यक्ति एटीएम कार्ड मशीन में लगाकर रुपये निकालने का प्रयास करता था तो उसका कार्ड फैविक्विक के कारण फँस जाता था। फिर वह व्यक्ति हैल्पलाईन नम्बर जिस पर हमारा ही मोबाइल नम्बर 9211543937 अंकित रहता है उस पर फोन करता था तो हमारा साथी जो कुछ ही दुरी पर खड़ा रहता है तुरंत एटीएम मशीन में आकर उस व्यक्ति को बताते थे कि सर्वर डाउन होने के कारण तुम्हारा कार्ड मशीन मे फंस गया है, तुम पुनः अपना पासवर्ड डालो फिर तुम्हारा कार्ड निकल जायेगा।जैसे ही वह व्यक्ति अपना पिन नं0 एन्टर करता था तो हम उसका पिन नम्बर याद कर लेते थे। फिर हमार साथी उस व्यक्ति को बताता था कि हम अपना इन्जीनियर भेज रहे है, एक घंटे के बाद आकर एटीएम मशीन से अपना एटीएम प्राप्त कर लेना । उस व्यक्ति के एटीएम से बाहर चले जाने पर हम दोनो एटीएम मशीन से एटीएम कार्ड को पिलास व चाकू की मदद से मशीन से बाहर निकालकर किसी दूसर एटीएम पर जाकर उसके खाते से हम पैसे निकाल लेते थे । पुलिस ने हमसे जो एटीएम बरामद किये हैं वो हमने दिल्ली ,गाजियाबाद व हरियाणा से इसी तरह चोरी किये थे और उन कार्ड से रुपये भी निकालते थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

1. राशिद पुत्र मुन्ना खां निवासी मौहल्ला शाह जमाल थाना रोरावर जिला अलीगढ़
2. अनिल पुत्र खजांची निवासी ग्राम मढाके थाना समऊ जिला हाथरस

**बरामदगी का विवरणः-**

- 05 चोरी किये गये एटीएम कार्ड।
- 01 पिलास
- 01 चाकू
- 16 हैल्पलाईन न0 की चिट
- 01 फेवि क्विक की शीशी
- 01 गम की शीशी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार थाना नानौता जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 धीरज सिह थाना नानौता जनपद सहारनपुर
3. उ0नि0 अनुज कुमार थाना नानौता जनपद सहारनपुर
4. है0का0 335 गौरव थाना नानौता जनपद सहारनपुर
5. है0का0 459 मोहसीन थाना नानौता जनपद सहारनपुर
6. का0 604 आदेश थान नानौता जनपद सहारनपुर्

-प्रेस नोट-

दिनांकः 14.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना फतेहपुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वांछित/वारन्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के निकट पर्यवेक्षण मे एवं थानाध्यक्ष श्री सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.08.2025 को थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त **कुनाल धीमान पुत्र संदीप निवासी गली नं0 1 पंजाबी कलोनी कस्बा छुटमलपुर थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर सम्बन्धित वाद संख्या 2392/23 धारा 138 एनआई एक्ट** चालानी थाना फतेहपुर को इसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारण्टी का नाम व पता–**

कुनाल धीमान पुत्र संदीप निवासी गली नं0 1 पंजाबी कलोनी कस्बा छुटमलपुर थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. थानाध्यक्ष श्री सचिन पूनिया थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री बिजेन्द्र सिंह थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
3. का0 2207 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर

दिनांकः **14-08-2025**

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट पुलिस द्वारा 01 चोर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये 1260/- रूपये बरामद

अवगत कराना है कि वादी श्रीमती ममता पत्नी स्व0 मांगेराम नि0 ग्राम डाडवा थाना बेहट सहारनपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र बाबत अभियुक्त मोहित उर्फ छोटा पुत्र बिरम निवासी ग्राम आलमपुर व एक अज्ञात के द्वारा दिनांक 12.08.25 को वादिया के घर से नगदी व जेवरात चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0- 356/25 धारा- 305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व लूट की घटनाओ के अनावरण व गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी के नेतृत्व में दिनांक 14.08.2025 को वांछित अभियुक्त **मोहित उर्फ छोटा पुत्र बिरम निवासी ग्राम आलमपुर कलाँ थाना बेहट जनपद सहारनपुर** को जंगल ग्राम आलमपुर कलाँ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये हुए रूपयों में से 1260 रूपये **बरामद हुए**। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**

- मोहित उर्फ छोटा पुत्र बिरम नि0 ग्राम आलमपुर कलाँ थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

- 1260/- रूपये नकद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री दीपक कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिंह थाना बेहट जनपद सहारनपुर
3. है0का0 209 कृष्णपाल थाना बेहट जनपद सहारनपुर

प्रेस नोट

दिनांक- 14.08.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा 05 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण एंव वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14.08.2025 को वारण्टी अभियुक्तगण **1.धर्मपाल सिंह पुत्र जहारु निवासी मायापुर रुपपुर थाना मिर्जापुर स0पुर सम्बन्धित वाद सं0 1120/19 धारा 182 सीआरपीसी, 2.मुनवर पुत्र जाहिद निवासी मायापुर रुपपुर थाना मिर्जापुर सम्बन्धित वाद सं0 2139/19 धारा 25 आर्मस एक्ट, 3.मुस्तकीम पुत्र अबलु निवासी जानीपुर थाना मिर्जापुर सहारनपुर सम्बन्धित वाद सं0 192/08 धारा 26/41 वन अधि0,4. राशिद पुत्र मकसुद निवासी जानीपुर थाना मिर्जापुर सहारनपुर सम्बन्धित वाद सं0 192/08 धारा 26/41 वन अधि0,5. शरीफ पुत्र लतीफ निवासी जानीपुर थाना मिर्जापुर सहारनपुर** सम्बन्धित वाद सं0 3762/19 धारा 4/25 आर्मस अधिनियम को उसके मस्कनो से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टीअभियुक्तगणो के विरूध्द अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारण्टी का नाम व पता –**

1. धर्मपाल सिंह पुत्र जहारु निवासी मायापुर रुपपुर थाना मिर्जापुर, सहारनपुर
2. मुनवर पुत्र जाहिद निवासी मायापुर रुपपुर थाना मिर्जापुर,सहारनपुर
3. मुस्तकीम पुत्र अबलु निवासी जानीपुर थाना मिर्जापुर,सहारनपुर
4. राशिद पुत्र मकसुद निवासी जानीपुर थाना मिर्जापुर,सहारनपुर
5. शरीफ पुत्र लतीफ निवासी जानीपुर थाना मिर्जापुर, सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नाम –**

1. उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
2. है0का0 891 अमित राठी थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
3. है0का0 847 धर्मेन्द्र कुमार थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
4. है0का0 462 विपिन गहलौत थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
5. का0 1596 विशाल ढाका थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर